झूरी नदी में गिरी तीर्थयात्रियों से भरी बोलेरो, दो की मौत, चार घायल

चित्रकूट। मप्र क्षेत्र में झूरी नदी के पास रविवार तड़के करीब तीन बजे तीर्थयात्रियों से भरी बोलेरो अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गये। दो की हालत गंभीर है। सभी को जानकीकुंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार हादसे में मृतकों की पहचान सुनील गुप्ता (५०) पुत्र मूलचंद गुप्ता निवासी द्विवेदी नगर, गल्ला मंडी कानपुर, थाना नौबस्ता, जिला कानपुर और हिमांशु सिंह सेंगर (३०) पुत्र स्व. दिनेश सिंह सेंगर निवासी गंगापुर कालोनी, यशोदा नगर कानपुर के रूप में हुई है। घायलों में राजकुमार गुप्ता (३७) पुत्र सूरज बली गुप्ता निवासी ग्राम टेढ़ा, थाना मरौहा सुमेरपुर, हमीरपुर, गोपाल तिवारी (४२) पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी संजय गांधी नगर, थाना नौबस्ता कानपुर, दीपक तिवारी (३५) पुत्र पवन कुमार तिवारी निवासी नौबस्ता, थाना बिधनू कानपुर नगर एवं राहुल पांडे (३५) पुत्र रमेश चंद्र पांडेय निवासी गंगापुर कालोनी, यशोदा नगर कानपुर शामिल हैं।

बताया गया कि सभी छह यात्री कानपुर से मैहर में मां शारदा के दर्शन करने जा रहे थे। झूरी नदी के पास बोलेरो अनियंत्रित होकर नदी में गिर गयी। हादसे के बाद अफरा तफरी मच गयी। सड़क से गुजर रहे पैदल तीर्थयात्रियों ने पानी में उतर कर घायलों को बाहर निकाला। सूचना पर डायल ११२ टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। आशंका है कि चालक को झपकी आने से हादसा हुआ।


दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो।


मर्चरी में बैठे गमगीन परिजन।

पानी भरे टब में डूबने से मासूम की गयी जान

चित्रकूट। सरधुआ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोंपा में रविवार दोपहर पानी से भरे प्लास्टिक के टब में डूबने से एक वर्षीय मासूम की मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ग्राम खोंपा निवासी रामकिशोर का सबसे छोटा पुत्र आनंद रविवार दोपहर करीब दो बजे घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान वह पानी से भरे प्लास्टिक के टब के पास पहुंच गया और खेलते-खेलते उसमें चला गया। टब में भरे पानी में डूबने से उसकी हालत गंभीर हो गयी।

परिजनों को जब तक घटना की जानकारी हुई तब तक मासूम की मौत हो चुकी थी। परिजन आनन फानन में बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मासूम की मौत से मां अनामिका सहित अन्य परिवारीजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। सरधुआ प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

रेलवे ट्रैक के पास मिला अज्ञात महिला का शव

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के ककोर गहना गांव स्थित रेलवे गेट नंबर-४४ के पास रविवार को ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात महिला की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर रेलवे कर्मियों ने शव को कब्जे में लेकर जौनपुर जंक्शन पहुंचाया। जीआरपी और स्थानीय पुलिस महिला के शव की शिनाख्त कराने और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

जौनपुर शहर में २० तक भारी वाहनों की नो-एंट्री

जौनपुर। शारदीय नवरात्र और दशहरा पर बाजारों एवं मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने शहर में विशेष यातायात व्यवस्था लागू की है। ११ अक्तूबर से २० अक्तूबर २०२६ तक प्रतिदिन सुबह १० बजे से रात ११ बजे तक शहर सीमा में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस के अनुसार, दूध, गैस, पेट्रोल, डीजल और मेडिकल से जुड़े आवश्यक वाहनों को प्रतिबंध से छूट रहेगी।

इन ७ स्थानों से प्रवेश रहेगा बंद: पचहटिया तिराहा, प्रसाद तिराहा, पकड़ी हाईवे अंडरपास, अलीगंज हाईवे तिराहा, जगदीशपुर चौराहा, कुत्तुपुर तिराहा (सभी सुबह १० से रात ११ बजे तक) तथा चांदपुर हाईवे अंडरपास (सुबह ९ से रात ११ बजे तक) से भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

पुलिस ने वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्गों के प्रयोग की अपील की है।

२१ तक भारी वाहनों का रूट डायवर्जन लागू

जौनपुर। दुर्गा पूजा और दशहरा के दृष्टिगत जफराबाद कस्बे में ११ से २१ अक्तूबर तक भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू किया गया है। थानाध्यक्ष कमलनयन दुबे ने बताया कि जफराबाद रेलवे स्टेशन क्रासिंग और लाडनपुर तिराहे से कस्बे की ओर आने वाले भारी वाहनों को हरगोविंद स्कूल के बगल से बाईपास तिराहा होते हुए निकाला जाएगा। वापसी भी इसी मार्ग से होगी।


शारदीय नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

मां शैलपुत्री की हुई पूजा

जौनपुर। आदिशक्ति की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र रविवार से धूमधाम के साथ शुरू हो गया। प्रथम दिन मां शैलपुत्री के दर्शन-पूजन के लिए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। घरों में श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच घटस्थापना कर नौ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ किया।

नगर स्थित प्रसिद्ध मां शीतला धाम चौकिया और परमानतपुर स्थित मैहर मंदिर में तड़के माता के विशेष श्रृंगार और आरती के बाद कपाट खुलते ही जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता रानी के दर्शन किये और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों के बाहर नारियल, चुनरी एवं पूजन सामग्री की दुकानें सजी रहीं। पहले दिन रविवार का अवकाश होने से श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ में खासी सुविधा रही।

नवरात्र के अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ उठी आवाज

तरौंहा मंदिर से जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने दिया बाल विवाह मुक्त चित्रकूट का संदेश

चित्रकूट। नवरात्रि के अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद की गयी। तरौंहा मंदिर से जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने बाल विवाह मुक्त चित्रकूट का संदेश दिया। बच्चों का बचपन बचाएं, बाल विवाह पर रोक लगाएं के संदेश के साथ जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति ने नवरात्रि के प्रारंभ होने के अवसर पर जनपद के कर्वी ब्लाक स्थित तरौंहा मंदिर में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था के सचिव शंकर दयाल ने बताया कि नवरात्रि के दौरान धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही होती है और कई परिवारों में विवाह संबंधी तैयारियां एवं चर्चाएं भी शुरू हो जाती हैं। ऐसे में बाल विवाह की आशंका को ध्यान में रखते हुए समिति ने मंदिर के पुजारियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों से संवाद कर बच्चों के अधिकारों की रक्षा तथा बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर के पुजारियों से विशेष अपील की गयी कि वे विवाह सम्पन्न कराने से पहले वर-वधू की आयु की पुष्टि अवश्य करें और निर्धारित कानूनी आयु पूरी होने पर ही विवाह सम्पन्न कराने में सहयोग करें।

पुजारियों से कहा गया कि धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए वे समाज को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक करने और इस कुप्रथा को रोकने में प्रभावी योगदान दे सकते हैं।

ग्रामीणों से भी अपील की गयी कि वे किसी भी परिस्थिति में कम उम्र में बच्चों का विवाह न करें और बाल विवाह की जानकारी मिलने पर समय रहते संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया।

बेटे-बहू ने वृद्ध मां को लाठी से पीटा, मौत

बड़े पुत्र ने दर्ज करायी रिपोर्ट, आरोपित फरार, पुलिस तलाश में जुटी

चित्रकूट। सरधुवा थाना क्षेत्र के बक्टा खुर्द गांव में रिश्तों को कलंकित करने वाले घटना ने सभी को विचलित कर दिया। शनिवार की रात को गांव में दो भाइयों के बीच विवाद में मारपीट होने लगी। यह देख दिव्यांग बुजुर्ग ७० वर्षीय मां चारपाई से उठीं और दोनों को रोककर अलग करने का प्रयास किया। इससे नाराज छोटे पुत्र ने मां पर ही हमला कर दिया। अपनी पत्नी के साथ मिलकर लाठी से बुजुर्ग मां पर कई बार किए। मां की मौत होते ही आरोपित पत्नी और दो बच्चों को लेकर गांव से भाग निकला। पुलिस ने दोनों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

बक्टा खुर्द गांव निवासी भोले निषाद ने बताया कि शनिवार की रात लगभग नौ बजे उसका भाई जुगुल निषाद शराब पीकर घर आया दोनों के बीच गाली गलौज के बाद मारपीट होने लगी। यह देखकर उसके भाई की पत्नी आरती भी आई और उसे पीटने लगी। इसी बीच चारपाई पर लेटी उनकी मां संवरिया देवी उठीं और दोनों को अलग कर कमरे के अंदर जाने के लिए कहा। भोले ने बताया कि वह अपने मामा बुद्धिलाल को लिवाकर आया तो आरोपितों ने उसे भी लाठी डंडे से पीटकर घायल किया। इस दौरान जुगुल ने मां के सिर, गर्दन और पीठ पर लाठी से कई वार कर दिये। उसकी पत्नी आरती ने भी सास को पीटा। बुजुर्ग महिला को बचाने के लिए भोले के दो पुत्री रोशनी और मोनिका भी आई तो आरोपितों ने उन्हें भी पीट कर भगा दिया। घटना की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीण पहुंचे तो जुगुल अपनी पत्नी आरती एवं दो छोटे बच्चों को लेकर गांव से भाग निकला। इस बीच संवारिया की मौत हो गयी। जानकारी होने पर सरधुवा थाना प्रभारी श्री प्रकाश यादव मयफोर्स पहुंचे और बुजुर्ग महिला को राजापुर सीएचसी लेकर आए। डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। भोले निषाद की तहरीर पर जुगुल और उसकी पत्नी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। हमलावरों की तलाश जारी है।

थाना बरगढ एवं मऊ का एसपी ने किया निरीक्षण

थाना प्रभारियों को दिये कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह ने थाना बरगढ़ एवं मऊ का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम थाना परिसर, कार्यालय, बैरक, हवालात, मालखाना, शस्त्रागार, भोजनालय तथा सीसीटीएनएस कार्यालय का भ्रमण कर साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। थाना के अभिलेखों यथा अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, आगन्तुक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति एवं साइबर हेल्प डेस्क रजिस्टर का अवलोकन किया और सभी अभिलेखों को अद्यावधिक एवं सुव्यवस्थित रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक बरगढ़, मऊ को निर्देशित किया।

एसपी ने थाना पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कर्मियों से वार्ता कर मिशन शक्ति अभियान ५.० के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिये। समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान अनुशासन, निर्धारित वर्दी धारण करने, आमजन से शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने तथा आगामी शारदीय नवरात्रि एवं त्यौहारों के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाये रखने एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए निर्देशित किया गया।

बंद ग्लास फैक्टरी से लोहा चुराने की सूचना पर पहुंची पुलिस

चित्रकूट। बंद पड़ी बरगढ़ ग्लास फैक्ट्री से लोहा चोरी की अक्सर घटनाएं हो रही हैं। रविवार की सुबह चोरी का लोहा लादकर भाग रहे दो ट्रैक्टरों को पुलिस ने पकड़ा है। एक ट्रैक्टर का चालक जंगल में लोहा पलटा कर भागना चाह रहा था लेकिन पुलिस के पहुंचने के कारण दोनों चालकों को ट्रैक्टर छोड़कर भागना पड़ा। गैस कटर से रेल लाइन वाले लोहा काटकर लोड किया गया था। किसी ने डायल ११२ पर सूचना दी थी। पीआरवी ने पीछा करते हुए परानू बाबा सड़क से गढ़वा संपर्क मार्ग के किनारे कलचिहा जंगल में दोनों ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। मऊ एवं बरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। उप जिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन भी मौके पर पहुंचे। कुछ देर तक सीमा विवाद का मामला उलझा रहा। बाद उप जिलाधिकारी ने सीमा विवाद का मामला सुलझाते हुए बरगढ़ थाना बताया। उप जिलाधिकारी ने जेसीबी मशीन मंगाकर जमीन पर गिरे लोहे को ट्रैक्टर में लोड कराकर बरगढ़ थाना में खड़ा कराया।

डिजिटल अपराधों से निबटने के लिए ई-क्राइम मूट कोर्ट का होगा आयोजन

जौनपुर। पूर्वांचल विवि के वीडियो कान्फ्रेंस हाल में विधि शिक्षा को आधुनिक रूप देने के उद्देश्य से उच्चस्तरीय मंथन बैठक आयोजित हुई।

कुलपति प्रो. आर.के. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के छात्रों को डिजिटल अपराधों की चुनौतियों से निपटने के लिए ई-क्राइम आधारित मूट कोर्ट आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक सिंह, साइबर ला विशेषज्ञ डा. निसीथ दीक्षित और डा. अनूप गिरधर ने आनलाइन माध्यम से जुड़कर विधि के पाठ्यक्रम में डिजिटल फारेंसिक एवं साइबर ला के नए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने के महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

रास्ते के पुराने विवाद में युवक को लाठी-डंडों से पीटा, छः नामजद

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के मिसिरपुर गांव में शनिवार शाम रास्ते के पुराने विवाद को लेकर पड़ोसियों ने २१ वर्षीय युवक युवराज यादव को घेरकर लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया।

पीड़ित ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभिषेक यादव उर्फ लालू, मल्लिंग यादव, सूरज, सुजीत, आदित्य और कपिल यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो पक्षों में मारपीट महिलाओं सहित तीन घायल

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के कोचारी गांव के ग्रामीण जब भदोही के चौरी बाजार से ट्रैक्टर-ट्राली पर मां दुर्गा की प्रतिमा लेकर लौट रहे थे, तभी गांधी पुल के पास दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया।

फीनिक्स इलेवन और हाईकोर्ट क्रिकेट टीमने दर्जकी जीत

सैफ अहमदने झटके छः विकेट

फीनिक्स इलेवन और हाईकोर्ट क्रिकेट टीम ने केएस स्पोर्ट्स ३० प्लस कलर ड्रेस टी-२० प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में जीत हासिल की। फीनिक्स इलेवन ने तौसीफ इलेवन को ८९ रन से और हाईकोर्ट क्रिकेट टीम ने आइडियल कूब को आठ विकेट से पराजित किया। हाईकोर्ट टीम के सैफ अहमद ने घातक गेंदबाजी (४-०-१५-६) का प्रदर्शन किया। भानु प्रताप सिंह क्लब झूंसी मैदान पर रविवार को खेले गए पहले मैच में फीनिक्स इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए २० ओवर में पांच विकेट पर २२५ रन (निशांत ५९, विनीत तिवारी ५८, अंकित गुप्ता ५४, राहुल दो तथा नितिन कुमार और चंद्रेश यादव एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में तौसीफ इलेवन की टीम १८.४ ओवर में १३६ रन (राहुल ३७, मोहम्मद अतहर २३, नितीश सोनू सिंह १७, शिवम अरोड़ा, विपिन कुमार यादव, अंकित अरोड़ा एवं गौरव मध्यान दो-दो, रजत चौधरी और अंकित गुप्ता एक-एक विकेट) पर सिमटी। अंकित गुप्ता को मैन आफ द मैच चुना गया।



दूसरे मुकाबले में आइडियल कूब ने १९.२ ओवर में १०६ रन (आकाश

प्रयागराज खेल

श्रीनेत्र २७, फैजान २४, मोहम्मद तलहा १४, सैफ अहमद ६/१५, कामेश द्विवेदी दो, मोहम्मद अहमद और ए. तिवारी ने एक-एक विकेट) बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाईकोर्ट क्रिकेट टीम ने ८.४ ओवर में दो विकेट पर १०९ रन (निलेश त्रिपाठी ३३, शैलेंद्र नाबाद ३०, मोहम्मद तलहा और प्रभात कुमार ने एक-एक विकेट) बना लिया। सैफ अहमद को मैन आफ द मैच चुना गया।

सैयद असद कासिम स्मृति अंडर-१६ क्रिकेट १८ से

द्वितीय स्वर्गीय सैयद असद कासिम मेमोरियल अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन १८ अक्तूबर से मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर शुरू होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष शाहिद अस्करी ने बताया कि यादगारे हुसैनी इंटर कालेज के प्रबंधक गौहर काजमी के संरक्षण में होने वाली इस प्रतियोगिता में इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) से पंजीकृत आठ टीमों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रतियोगिता कलर ड्रेस में खेली जाएगी। खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट टूर्नामेंट कमेटी की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक टीमें प्रतियोगिता में प्रवेश एवं अन्य जानकारी के लिए आयोजन सचिव शमशाद अहमद (९५९८१५७६७८) तथा क्रिकेट कोच जुल नूरैन (७९८५५७२३७२) से संपर्क कर सकती है।

ताइक्वाण्डो प्रतियोगितामें २२ पदकके साथ एमवी ग्रुप बना विजेता

दो दिवसीय ८वीं जनपदीय एवं तीन इण्टर स्कूल ताईक्वाण्डो प्रतियोगिता के आखिरी दिन रविवार को २२ पदक प्राप्त कर एमवी ग्रुप प्रथम स्थान पर रहा। समापन के मुख्य अतिथि बारा विधायक डा. वाचस्पति रहे।

प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से विभिन्न भार वर्ग में राधिका सिंह, आव्या गुप्ता, श्रीजा, वरनिका, गिविशा, के. शेरवानी, आरिका, ईशा, अनन्या, दित्या, अविशा, अवनी, सौम्या, अस्मिता, आराध्या, तृषा, जियाशा, श्रद्धा, प्रियांशी, सानिया, श्रेया, रान्या, रिया एवं ओमनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किये। वहीं बालक वर्ग में विभिन्न भार वर्ग से अयान, नितिन, अक्षत, समर, ईशु, श्याम, कलश, शुभ, आर्यन, कार्तिक, धनुष, अभिजय, आरव, पार्थ, अयांश, श्याम जयसवाल, अविक, आदित्य कुमार सिंह, रेवांश, अर्थव वेदांत, आदित्य, अनमोल, अभिषेक, आयुष, अर्नव, सूर्य प्रकाश एवं आदित्य कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त किये।



प्रतियोगिता के समापन पर कुल २२ स्वर्ण पदक के साथ प्रथम स्थान मधु वाचस्पति इण्टर व एमवी कान्वेंट इण्टर कॉलेज (एमवी ग्रुप), १० स्वर्ण पदक के साथ द्वितीय स्थान ताइक्वाण्डो मन्दिर एवं ०८-०८ स्वर्ण पदक के साथ सामूहिक तृतीय स्थान उत्सव ताइक्वाण्डो एवं रायल ताइक्वाडो ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के सफल समापन के लिए कौशाम्बी ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के सचिव गोपेश सेन, संयुक्त सचिव मंजू आर्या, उपाध्यक्ष गणेश शंकर दुबे, कोषाध्यक्ष सत्यम आर्या, टीम कोआर्डिनेटर जेपी साहू एवं सभी पदाधिकारी को बधाई दी।

दिव्यमके खेलसे त्रिवेणी बी को मिली जीत

बीसेट टैलेंट हंट अंडर-१० क्रिकेट प्रतियोगिता


दिव्यम (नाबाद ७५ रन, ४५ गेंद, १८ चौके) की शानदार पारी की बदौलत त्रिवेणी बी ने बीसेट टैलेंट हंट अंडर-१० क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में ब्लू इलेवन को छह विकेट से हराकर पूरे अंक हासिल किए। रविवार को ब्लू इलेवन, दांदूपुर मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लू इलेवन की टीम १९.३ ओवर में १३४ रन पर ऑलआउट हो गई। अल बशर अली ने ४६, ताशिश कुमार ने १३ और दीपेंद्र राज ने ११ रन बनाए। त्रिवेणी बी की ओर से अंश ने चार, हिमांशु यादव ने तीन, समर्थ ने दो और आयुष पांडेय ने एक विकेट लिया। जवाब में त्रिवेणी बी ने ११.१ ओवर में तीन विकेट पर १३५ रन बनाकर मैच जीत लिया। दिव्यम ने नाबाद ७५ और आयुष यादव ने १८ रन बनाए।

ब्लू इलेवन की ओर से अल बशर अली ने दो और दीपेंद्र राज ने एक विकेट लिया। दिव्यम को उनकी शानदार पारी के लिए मैन आफ द मैच चुना गया।

टर्फ स्टार नाइनपर त्रिवेणी टाइटन्सकी रोमांचक जीत

सीएबी कालेज मैदान पे खेले गए रविवार के मैच में त्रिवेणी टाइटन्स ने टर्फ स्टार नाइन को रोमांचक मैच में ३ विकेट से हराया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टर्फ स्टार नाइन १८ ओवर में सभी विकेट खोकर १३२ रन (राम विश्वकर्मा ३८, डा. मनोज कुमार ३३, अक्षत ९, अमित श्रीवास्तव ६, अनुराग ४ विकेट और ऋषि ३ विकेट) बनाये। जवाब में उतरी त्रिवेणी टाइटन्स ने ७ विकेट खोकर (अमर गुप्ता ५१ हर्षित त्रिपाठी १६ अभिनव यादव १४, अमित श्रीवास्तव २ विकेट, शाश्वत, सोनी, डीके, राम एक-एक विकेट) लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। प्लेयर आफ द मैच अमर गुप्ता को चुना गया।

विभव-अर्पितकी जोड़ीने करछनाको दिलायी दस विकेटसे जीत

फाफामऊ ने बारा को ५५ रनसे हराया



नीलम करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में रविवार को करछना विधानसभा और फाफामऊ विधानसभा की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। केपी कालेज मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में करछना ने प्रतापपुर को १० विकेट से शिकस्त दी। वहीं, दूसरे मुकाबले में फाफामऊ ने बारा विधानसभा को ५५ रन से हराकर प्रतियोगिता में विजयी आगाज किया। करछना की जीत के सूत्रधार विभव कुशवाहा और अर्पित सिंह रहे, जबकि फाफामऊ की जीत में प्रियांशु यादव ने गेंद से अहम भूमिका निभाई।

पहले मुकाबले में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी प्रतापपुर विधानसभा की टीम १९.५ ओवर में ११४ रन पर सिमट गई। अभिषेक यादव ने ३१ रन, अनुज सिंह परिहार ने १७ और सौरभ त्रिपाठी ने १४ रन बनाए। करछना की ओर से हार्दिक सिंह ने तीन विकेट चटकाए। सज्जाद हुसैन और शुभ्रांक प्रताप सिंह को दो-दो, जबकि कुलदीप मिश्र और अभिषेक मिश्र को एक-एक विकेट मिला। जवाब में करछना विधानसभा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए १७.२ ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए ११५ रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। विभव कुशवाहा ने ५२ गेंदों पर आठ चौकों की मदद से नाबाद ६२ रन बनाए, जबकि अर्पित सिंह ने ५२ गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद ४९ रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के बीच शानदार साझेदारी की बदौलत करछना ने १० विकेट से जीत हासिल की। मैच के बाद पूर्व खिलाड़ी मो. तारीफ ने विभव कुशवाहा को प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया।

दूसरे मुकाबले में फाफामऊ विधानसभा ने बारा को ५५ रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फाफामऊ की टीम ने निर्धारित २० ओवर में ११५ रन बनाए। गौरव पाठक ने २२, सौरभ प्रताप सिंह ने १९, सिद्धार्थ मिश्र ने १७ और मो. उस्मान ने १३ रन का योगदान दिया। बारा की ओर से सौरभ सिंह ने चार विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान किया। आयुष सिंह ने तीन, अविनाश सिंह ने दो और शिवम यादव ने एक विकेट हासिल किया। ११६ रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बारा विधानसभा की टीम फाफामऊ के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी। पूरी टीम १६.३ ओवर में ६० रन पर सिमट गई।

शिवम यादव ने सर्वाधिक १६ रन बनाए। फाफामऊ की ओर से प्रियांशु यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में १३ रन देकर तीन विकेट झटके। मो. उस्मान, गौरव पाठक और आदित्य मौर्य ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि सौरभ शर्मा को एक विकेट मिला। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्रियांशु यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पूर्व खिलाड़ी गिरधारी मिश्र ने उन्हें पुरस्कार प्रदान किया।

फ्रेंड्स यूनाइटेड सीनियर बना जूनियर डिवीजन जिला फुटबाल लीगका चैम्पियन

डिस्ट्रिक्ट फुटबाल एसोसिएशन इलाहाबाद के सचिव मकबूल अहमद के अनुसार वर्ष २०२६-२७ की जूनियर डिवीजन जिला फुटबाल लीग में फ्रेंड्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब सीनियर ने रैंडम फ्लिक्स फुटबाल क्लब को ३-० गोल से हराकर लीग चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। इविंग क्रिश्चियन कालेज मैदान पर खेले गए जूनियर डिवीजन जिला फुटबाल लीग के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि रहे पूर्व राष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी राम आसरे यादव एवं विशिष्ट अतिथि एसोसिएशन के अध्यक्ष नारायन जी गोपाल रहे। सर्व प्रथम दोनों टीमों से मुख्य अतिथि का परिचय कराया गया। मैच के पहले हाफ का खेल गोल रहित समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया लेकिन इसी हाफ में फ्रेंड्स यूनाइटेड फुटबाल क्लब के अमनतोस कुमार ने लगातार दो गोल मारकर अपनी टीम को २-० गोल की बढ़त दिला दी। खेल समाप्त होने के कुछ पहले फ्रेंड्स यूनाइटेड के गौरव ने गोल मारकर अपनी टीम को ३-० गोल से जीत दिलाई और लीग चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। रविवार के मैच में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल दास ने पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की।



मैच में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जगमोहन गुप्ता, सह-सचिव कबीर खान, सदस्य अजय शंकर पाण्डेय, राष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी शहबाज अहमद, मोहम्मद अब्बास, प्रथम श्रेणी के फुटबाल रेफरी योगेश चन्द्र आदि मौजूद रहे। मैच के रेफरी संजीव सिंह, विवेक सिंह, जितेन्द्र कुमार(जैक) एवं शकील अहमद रहे।

आईबीसीसी सीप्लस एवं एंकोर्ड इलेवनकी जीत

सीसीटीवी कपमें अजेंद्र का शतक

सीसीटीवी कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आईबीसीसी सील्पस इलेवन और एंकोर्ड इलेवन ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। प्रतियोगिता में रविवार को दौलत हुसैन क्रिकेट मैदान पर खेले गए मैच में आईबीसीसी सीप्लस ने ईवीटीईक्यू इलेवन को १३ रन से हराया। आईबीसीसी सीप्लस इलेवन ने २० ओवर में सात विकेट पर १६७ रन (मोहम्मद यासीन ५८, जानू ४०, सलमान शेख ३१, अरहम सिद्दीकी और अब्दुल मलिक दो-दो, यासिर अली और मुबाल्लिग अमीर को एक-एक विकेट) बनाये। जवाब में ईवीटीईक्यू इलेवन की टीम २० ओवर में सात विकेट पर १५४ रन (अरहम सिद्दीकी ३९, अहफाज शकील ३४, खालिद जफर २४, फराज अहमद, मेराज खान, मीजान आलम और जानू ने एक-एक विकेट) ही बना सकी। सीएवी मैदान पर एंकोर्ड इलेवन ने एसीडीसीसी को छह विकेट से पराजित किया। एसीडीसीसी ने २० ओवर में नौ विकेट पर १६९ रन (साजिद खान २६, इरफान सिद्दीकी २५, टीपी सिंह और तौहीद अहमद २१-२१, ऋषभ मिश्रा तीन, अजेंद्र सिंह पटेल दो, मोहम्मद दाऊद, आदित्य सिंह व राकेश कुमार एक-एक विकेट) बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एंकोर्ड इलेवन की टीम ने १७.३ ओवर में चार विकेट पर १७० रन (अजेंद्र सिंह पटेल १०४ रन नाबाद, मोहम्मद दाऊद २८, तौहीद अहमद, विभूति नारायण, बृजेश और शिशिर एक-एक विकेट) बनाकर जीत हासिल कर ली। अजेंद्र को मैन आफ द मैच चुना गया।